सार-समाचार

शहीद दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

झालावाड़ (निसं)। शहीद निर्भय सिंह स्मारक समिति द्वारा शहीद निर्भय सिंह की प्रतिमा परिसर में रविवार को शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विचार संगोष्ठी में समिति के सचिव ओम पाठक ने कहा कि शहीदों के जीवन से हमें जीवन की कर्मठता की शिक्षा मिलती है तथा ऐसे दिवस प्रत्येक भारतीय में देशभक्ति की भावना उत्पन्न करते है। वहीं सहायक लेखाधिकारी ओर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ शाखा झालावाड़ के जिला उपाध्यक्ष सालिगराम दांगी ने कहा कि देश को आजाद कराने के आंदोलन में शहीद होने वाले हर शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाना चाहिए आजादी की लड़ाई में इन शहीदों ने जो योगदान किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। समिति सदस्य इतिहासकार ललित शर्मा ने कहा कि 94 वर्ष पूर्व 23 मार्च 1931 को शहीदों को फांसी दी गई उससे पूर्व शहीद भगत सिंह क्रान्तिकारियों और देशभक्ति की पुस्तकें पढ़ रहे थे ऐसे शहीदों की गाथाओं को नवीन पीढ़ी को लगातार बताना चाहिये। स्टेट बैंक के पूर्व शाखा प्रबन्धक हरिशंकर मीणा ने कहा कि ऐसे शहीद दिवस पावन होते है जिन्हें घर-घर में श्रद्धांजली के रूप में मनाना चाहिये। डॉ. नन्दसिंह राठौड़, पूर्व सैनिक राजेन्द्र सिंह शक्तावत, फारूख अहमद, नफीस शेख, भगवती प्रसाद मेहरा, सूरजकरण नागर, रामजी चन्द्रवाल और व्यवसायी प्रेमचन्द सुमन, ने भी शहीद दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में सभी ने शहीद निर्भय सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर भारत माता की जय और शहीदों का बलिदान अमर रहे के नारे लगाये।

विधानसभा प्रभारी ने बैठक ली

छबड़ा (निसं)। ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक करणसिंह राठौड़ द्वारा की गई। मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव व विधानसभा प्रभारी मंजूर तंवर थे। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा, गिर्राज नागर यूथ कांग्रेस संभाग प्रभारी रहे। यहां राठौड़, तंवर, नागर सहित मनोज भार्गव, नवीन उपाध्याय, चिरोंजीलाल भार्गव, तेजकरण गालव, रामदयाल लोधा, छीपाबड़ौद ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, संजय शर्मा, कामगार जिला अध्यक्ष दीपक त्यागी आदि ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के बारे मे चर्चा की। यहां वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें। विधानसभा प्रभारी ने कहा कि मंडल अध्यक्ष, इकाई अध्यक्षों की अपने-अपने मंडल पर कांग्रेस संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक की जाकर लनए युवा सदस्यो को जोड़ने का अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में मनोज भार्गव, राजेश भार्गव एडवोकेट, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश माहेश्वरी, हितेश सोनी, बृजराज मीणा, बाबूलाल टाटू नंदकिशोर लोधा, फूलसिंह मीना, गौरीशंकर नागर, लाखन सिंह अहीर, हरिराम मीणा, शब्बीर भाई, प्रकाश, संजय सेन, रामनरेश मीणा, सतीश मालव, विकास महेश्वरी, शकील खान, केसरीसिंह बना, मानसिंह गुर्जर, लड्डू लाल शकील खान, योगेश नामदेव आदि मौजूद थे।

अंबेडकर समिति की बैठक सम्पन्न

छबड़ा (निसं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर समन्वय संघर्ष समिति के तत्वाधान में मीणा धर्मशाला में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में बैठक का आयोजन कर आगामी चर्चा की। समिति अध्यक्ष मंजू मीणा और संजय मेघवाल ने बताया कि यहां अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीवंत झांकियां एवं भव्य शोभायात्रा के लिए जोर-शोर से तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए सभी से सहयोग के साथ में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में पहुंच शोभायात्रा में शामिल होने के लिए प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया गया। सभी को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। बैठक में लक्ष्मीचंद यादव, रितेश यादव, भेरूलाल प्रेमी, बालमुकुंद बेरवा, गोपाललाल मेघवाल, रामचरण मेहरा, रामकरण मेहता, मुरारीलाल मीणा, हीरालाल मीणा, धीरज सिंह मीणा, विट्ठल बाबू मीणा, छीतर लाल बेरवा, डॉ बिरधी लाल बेरवा, ओम प्रकाश, सतीश कुमार, कन्हैयालाल मीणा, श्रीलाल मीणा, बृजमोहन मेघवाल, हंसराज बैरवा, राजेंद्र कुमार आजाद सहित आदि शामिल रहे।

पंचारिया का अभिनंदन किया

कोटा, (निसं)। भाजपा के संगठन पर्व प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण लाल पंचारिया ने राकेश जैन को भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष का प्रमाण पत्र आज कोटा प्रवास पर सौंपा। राकेश जैन ने बताया कि कोटा सर्किट हाऊस में भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण लाल पंचारिया को साफा, शॉल, पार्टी दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। भाजपा के संगठन पर्व के तहत बूथ से लेकर जिला स्तर तक निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई। इसी क्रम में कोटा शहर में 27 जनवरी 2025 को सर्वसम्मति से कोटा शहर जिलाध्यक्ष पद पर राकेश जैन को अगले तीन वर्षों तक जिलाध्यक्ष के दायित्व का प्रमाण पत्र नारायण लाल पंचारिया ने अपने हाथों से जिलाध्यक्ष राकेश जैन को सौंपकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय, वीरेंद्र शर्मा, जगदीश नायक भाया, रवि बंजारा, मंगल गुर्जर, विजय यादव, मुकेश चावला, रोहित महावर, कौशल, युवराज सिंगौर, अमन अखरिया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुएं में गिरे युवक को रेस्क्यू किया

बूंदी (निसं)। बूंदी छतरपुरा स्थित राठौर तेली छात्रावास के पास कुएं में गिरने वाले एक आदमी को सिविल डिफेंस टीम ने एल एन टी मशीन की सहायता से जिंदा बाहर निकाला गया। जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम बूंदी पर राठौर छात्रावास के पीछे कुएं में एक आदमी गिरने की सूचना प्राप्त होने पर लोकेश गुर्जर, इंचार्ज सिविल डिफेंस के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस कि टीम रवाना हुई कुएं में गिरे किशन सैनी आत्मज धनपाल उम्र 30 वर्ष को 30 वर्ष का सकुशल जीवित रेस्क्यू किया। उक्त आदमी अपने कुएं पास काम करते वक्त अचानक गिरने की बात आई सामने बाद में कुएं में गिरने वाले को रेस्क्यू में निम्न स्वयं सेवक मौजूद रहे दीपक, अमित, मुकेश, दुर्गा लाल, धर्मराज, महेंद्र, ओम प्रकाश, विशाल, लवदीप,भवानी शंकर, नवीन आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकाली

छबड़ा (निसं)। गणगौर के पावन पर्व पर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा जलेरी कार्यक्रम अध्यक्ष नम्रता माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। यहां महिलाओं ने लाल रंग का परिधान पहन कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जलेरी कलश यात्रा धूमधाम के साथ अग्रवाल धर्मशाला से सत्यनारायण मंदिर तक लाए गए। जलेरी कलश रानू चांडक, करिश्मा नुवाल, आरती आगेश्वर, पूजा आगेश्वर ने धारण किए। मंदिर पर पहुंचकर सभी ने सामुहिक नृत्य और गणगौर के गीत गाए। इस अवसर पर गीता नुवाल, शोभा आगेश्वर, रश्मि चांडक, शांता गगरानी, वृंदा आगेश्वर, संगीता आगेश्वर, शोभा माहेश्वरी, संतोष नुवाल, सीमा बागडी, अपर्णा माहेश्वरी,दीपा, पायल, वर्षा, श्वेता, कविता, ललिता, पूनम, कविता, संगीता चांडक, मीनू नुवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

फॉलोअप फार्मर रजिस्ट्री शिविर आज से

छबड़ा (निसं)। एग्रीस्टेक योजना अन्तर्गत तहसील की समस्त ग्राम पंचायतों में मुख्य शिविर सम्पन्न हो चुके है। जिला कलेक्टर बारां के निर्देशानुसार जिन ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्रेशन से शेष पीएम लाभार्थियों की संख्या अधिक है, उनमें फॉलोअप शिविर लगाए जाने है। 24 मार्च से आगामी आदेशों तक तहसील छबडा की ग्राम पंचायत मूण्डला, बारई, फलिया, तेलनी, पचपाडा, घाटाखेडी, दिलोद में फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य हेतु फॉलोअप शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसलिए उक्त ग्राम पंचायतो के किसान 24 मार्च से ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित फॉलोअप कैंप में उपस्थित होकर अपनी फार्मर आईडी बनवाये।

आसरा वृद्धाश्रम पर स्वास्थ्य जांच शिविर

बूंदी (निसं)। इनरव्हील क्लब बूंदी द्वारा वृद्धों के कल्याण हेतु आसरा वृद्धाश्रम में हेल्थ चेकअप प्रोग्राम करवाया। कोटा से पधारे डॉ .सुनील दत्त शर्मा, तालेड़ा से डॉ. आशीष अग्रवाल एंव बूंदी के डॉ. आयुष गौतम ने करीब 38 वृद्धों का चेकअप किया एवं जांच के पश्चात उन्हें दवाईयां उपलब्ध कराई। इस दौरान अध्यक्ष डॉ .पूर्णिमा दीक्षित ने अन्त में सभी को धन्यवाद अर्पित किया।

उत्थान समिति की आमसभा 27 को

छबड़ा (निसं)। श्री महर्षि गालव ब्राह्मण समाज उत्थान समिति की आमसभा गुरुवार को दोपहर 2 बजे आयोजित होगी। जिसमें समाज का होली स्नेह मिलन होने के साथ-साथ, गत 2 वर्ष का आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। आमसभा मे छात्रावास की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव भी सम्पन्न करवाये जाएँगे। यह जानकारी सचिव पंकज गालव ने दी है।

54 किलोग्राम डोडा-चूरा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने एवं तस्करों के विरूद्ध केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम कोटा एवं सीबीएन चितौड़गढ़ सेल टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बस्सी टोल के पास कार को रोक कर कार्यवाही की और कार में से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा 54.250 किलोग्राम बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। यह कार्यवाही उप-नारकोटिक्स आयुक्त के निर्देशन में हुई है। उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कार से दो व्यक्ति बेगूं क्षेत्र से अवैध डोडा चूरा लेकर किशनगंज की ओर जा रहे है। उक्त सूचना पर सीबीएन कोटा एवं चितौड़गढ़ सेल के अधिकारियों की टीम गठित की गई। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और बलवंत नगर चौराहे पर टीम ने कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक ने कार को नही रोका और कार को हाईवे की ओर भगाया। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने कार का पीछा किया और बस्सी टोल के समीप कार को रोक लिया। टीम ने कार को रोककर कार की तलाशी ली तो कार में से तीन बैग अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के बरामद हुए। जिसमें कुल 54.250 किलोग्राम डोडा चूरा था। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए कार व अवैध मादक पदार्थे को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मामले में जांच की जा रही है। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी ताकि राजस्थान में अवैध मादक पदार्थ के व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके।

नारकोटिक्स विभाग द्वारा की गई कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जब्त किया।

सार-समाचार

मुकेश सारस्वत छठी बार अध्यक्ष निर्वाचित

कोटा, (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति कोटा के चुनावों में लगातार छठी बार मुकेश सारस्वत को अध्यक्ष चुना गया है। द्विवार्षिक चुनाव की यह प्रक्रिया 8 मार्च को शुरू हुई थी। मतदान और प्रमाणपत्र वितरण की तिथि 23 मार्च रखी गई थी, नामांकन के दौरान सिर्फ मुकेश सारस्वत ने आवेदन किया। आवेदन नहीं होने की स्थिति में मुकेश सारस्वत निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किए गए। अध्यक्ष मुकेश सारस्वत के साथ महामंत्री पद पर कुलदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर संदीप ओझा, उपाध्यक्ष पद पर भूपेन्द्र शर्मा, संगठन मंत्री पद पर विक्रम ओझा, सह-महामंत्री पद पर ओमप्रकाश शुक्ला भी निर्विरोध चुने गए। इस अवसर पर मुकेश सारस्वत ने कहा कि समाज की एकजुटता और कार्यकारिणी के प्रयासों के प्रति समाज में सकारात्मकता है। यही कारण है कि एक बार फिर से मुझ पर विश्वास व्यक्त किया गया है। समाज का मुकुंदरा योजना में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निर्माण को पूरा करना मेरी बड़ी प्राथमिकता रहेगी। यहां समाजबंधुओं के परिवारों के मांगलिक कार्यक्रम हो सकें। उन्हें सस्ती दर पर शहर में स्थान उपलब्ध हो सकें, यही कोशिश रहेगी। इसके अलावा लगातार समाज को आगे बढ़ाने के प्रयास कार्यकारिणी सदस्यों के साथ मिलकर जारी रहेंगे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। नारीशाला में सिंधु सोशल सर्कल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमे 267 की जांच-परामर्श दिया गया। शिविर में नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेंद्र कुमार गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय ग्वालानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता जैन व डॉक्टर अभिलाषा किंकर, फिजिशियन डॉक्टर मुस्तफा बोहरा, विशेषज्ञ डॉक्टर अब्दुल रब, मनो चिकित्सक डॉक्टर मनाल शेख ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में अस्थि घनत्व जांच, लिपिड प्रोफाईल, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, नसों की जांच, दमा की जांच निशुल्क की गई। शिविर में सिंधु सोशल सर्कल के अध्यक्ष कमल सपरा, सचिव राजेश ग्वालानी, सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी, नारीशाला के सचिव प्रकाश वीर नाथानी, कोषाध्यक्ष अनूप दीवानी, से सचिव मोहन इसरानी प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुरेश सुखवानी व दिनेश जेठवानी, संस्थापक सचिव गोपाल सपरा पूर्व संरक्षक द्वारका नैनानी, पूर्व अध्यक्ष रमेश आहूजा, विमल परयानी, राज ठाकुर, अशोक झमटानी, जेएल वलेचा, सिंधु महिला सर्कल की सलाहकार भागवती खूबचंदानी, पूर्व संरक्षक पूनम रतनानी, अध्यक्ष नीतू वनवानी, सचिव निर्मला आहूजा, कार्यकारिणी सदस्य अशोक आहूजा, मनोहर दयानी किशन रामचंदानी आदि उपस्थित थे। शिविर में सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सा विशेषज्ञों और समस्त स्टॉफ सदस्यों का सम्मान सर्कल के पदाधिकारी ने किया।

रक्तदान शिविर का आयोजन

कोटा, (निसं)। वीर खालसा ग्रुप द्वारा शहीदी दिवस पर छावनी चौराहे पर हर साल की भांति विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहर के युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वीर खालसा ग्रुप का यह सातवां रक्तदान शिविर है। शिविर में 110 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वीर खालसा ग्रुप के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने बताया की रक्तदान शिविर में कोटा सेंट्रल श्री गुरु सिंह सभा कोटा के प्रधान तरूमीत सिंह बेदी ने रक्तदान किया। जनरल सेकेट्री हरमीत सिंह, कोटा दक्षिण नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, गुरु नानक देव सिख कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह राणा, पंकज मेहता, छावनी व्यापार संघ अध्यक्ष सहदेव शर्मा, देश के वीर सपूत शहीद भगत सिंह, राज गुरु, सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

दशनाम गोस्वामी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

कोटा में दशनाम गोस्वामी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ है।

कोटा, (निसं)। दशनाम गोस्वामी समाज नवयुवक मण्डल विकास समिति कोटा के तत्वावधान में रविवार को गोस्वामी समाज छात्रावास, रामचरण सर्किल विनोबा भावे नगर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूलाल भारती प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव हंसराज गोस्वामी, संभागीय अध्यक्ष अशोक पुरी, युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार गोस्वामी, जिला अध्यक्ष कोटा एलविल गिरी ने सम्बोधित कर समाज को आगे बढ़ाने का आव्हान किया। हंसराज गोस्वामी ने बताया कि इस दौरान समाज की गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई वहीं सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बनवारी गोस्वामी बूंदी अध्यक्ष, बारां जिला अध्यक्ष हेमराज गोस्वामी, कोषाअध्यक्ष सुरेश गोस्वामी, अनिल पुरी समरानियां, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरधर गोपाल गोस्वामी, कमल भारती, कवि कन्हैया लाल, गिरिराज गोस्वामी, हनुमान गोस्वामी, रवि गोस्वामी, रविकांत गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, हेमराज गोस्वामी, मेला जिला अध्यक्ष रुचिता पुरी उपस्थित रहे।

कोटा से नगदा व सवाईमाधोपुर तक की चैकिंग, 44630 का जुर्माना वसूला

कोटा, (निसं)। ट्रेनों मे बिना टिकिट यात्रियों व स्टेशन पर घुम रहे अवैध वेण्डरों पर कार्यवाही करने के लिये चैकिंग दिवस के दौरान रेलवे के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रवण कुमार मीना के निर्देशन में जीआरपी व आरपीएफ जाप्ता एवं टिकिट चैकिंग स्टॉफ द्वारा कोटा रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनो मे चैकिंग की गई। चैकिंग दिवस के दौरान रविवार को कोटा से सवाईमाधोपुर तक ट्रेन नम्बर 12955 मुम्बई एक्सप्रेस एवं सवाईमाधोपुर से कोटा तक ट्रेन नम्बर 12466 रणथम्भौर एक्सप्रेस में संयुक्त रूप से चैकिंग की गई। वही 21 मार्च को कोटा से नागदा तक ट्रेन नम्बर 12978 अनराकुलम एक्सप्रेस में एवं नागदा से कोटा तक ट्रेन नम्बर 12471 स्वाराज्य एक्सप्रेस मे चैकिंग की गई थी। संयुक्त रूप से ट्रेनों मे की गई चैकिंग के दौरान 27 यात्रियों को ट्रेनों मे बिना टिकिट यात्रा करते हुए पकड़ा और रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, बिना टिकिट यात्रा करने वाले यात्रियों से 43930 रूपये जुर्माना वसूला गया। वहीं जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेनों व प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाने वाले 60 यात्रियो के विरूद्ध कार्यवाही कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जिनको जुर्माना से दंडित किया गया। चैकिंग दिवस के दौरान की गई समस्त कार्यवाही में 44630 रूपये का जुर्माना वसूला गया। चैकिंग दिवस के दौरान की गई कार्यवाही के दौरान रेलवे कोर्ट के स्टॉफ हरिश कुमार बमनावत (रीडर), पीए मनीष कुमार मीना व रविन्द्र कुमार (लिपीक) आरपीएफ के सागर मीना मौजूद रहे।

विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 25 मार्च को

कोटा, (निसं)। बृजराज भवन कोटा से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मंगलवार 25 मार्च 2025 को कोटा जंक्शन स्थित धर्मशाला श्री महारानी जी श्री जाडेची जी कोटा, द्वारा एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। विदित है कि धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा गत वर्षो से विशाल स्तर पर नैत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया जा रहा है। शिविर के अन्तर्गत कोटा जंक्शन स्थित श्री महारानी जी धर्मशाला में प्रातः 09:00 बजे से रोगियों का पंजीकरण शुरू होगा जो 11:00 बजे तक जारी रहेगा। तत्पश्चात् रोगियों की ऑखों में होने वाले विभिन्न रोगों जैसे मोतियाबिन्द, कालापानी आदि की जाँच एवं मोतियाबिन्द का ऑपरेशन लैन्स प्रत्यारोपण सहित किया जावेगा। शिविर में ऑपरेशन वरिष्ठ एवं अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ डॉ.सुधीर गुप्ता द्वारा किये जायेंगे। सभी को अपने आधार कार्ड की कॉपी व दो फोटो साथ लाना है।

कुशवाहा क्षत्रिय समिति ने होली मिलन समारोह मनाया

कोटा, (निसं)। कुशवाहा विकास समिति की और से रविवार को लव कुश छात्रावास में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र कुशवाहा एडवोकेट एवं समस्त पदाधिकारीगण कृष्ण गोपाल कुशवाहा, राम नारायण कुशवाहा, अर्जुन सिंह कुशवाहा, राजेन्द्र सिंह कुशवाहा, आनंदीलाल कुशवाहा, ओम प्रकाश कुशवाह, भरत कुशवाहा एडवोकेट, संस्था के विधिक सलाहकार ठाकुर चंद्र मोहन कुशवाहा एडवोकेट, चंद्रप्रकाश कुशवाहा एवं अनेक मातृ शक्तियों सहित ने मिलकर सामूहिक रूप से यज्ञ किया। यज्ञ के उपरांत होली मिलन समारोह का आयोजन हेतु एक-दूसरे को रंग व गुलाल और फूलों की वर्षा कर आनंद के साथ समारोह का आयोजन के बाद ही कुछ प्रबुद्धजनों ने होली और धार्मिक भजनों का आनंद लिया।

कुशवाहा समाज द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया।

अमर शहीद हेमूँकालाणी के जन्मोत्सव से हुई चेटीचण्ड महोत्सव आयोजन की शुरुआत

कोटा, (निसं)। श्री झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश गोपालानी ने बताया कि आगामी 30 मार्च 2025, रविवार को आयोजित होने वाले चेट्रीचण्ड् महोत्सव के लिये झूलेलाल मंदिर, रामतलाई मैदान, सूरजपोल, कोटा पर बच्चों, महिलाओं एवं धर्मप्रेमियों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ हुई जिसमें मौखिक प्रश्नोत्तरी, रंग भरो, फैसी ड्रेस, सिंधी व्यंजन एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

समिति के महामंत्री हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भागवन्ती जेठवानी, सेवानिवृत आरएएस थी। कार्यक्रम में रंग भरो प्रतियोगिता हेतु 213, फैसी ड्रेस प्रतियोगिता हेतु 83, सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता हेतु 46 एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता हेतु 24 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। जिसमें शिवज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्वामी टेऊंराम आलोक सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं भाटिया पब्लिक स्कूल प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में समिति द्वारा सिंधी सभ्यता मण्डल तथा भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वाधान में वीर बलिदानी अमर शहीद हेमूँकालाणी जी का 102वां जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया, जिसमें समिति के पदाधिकारियों के साथ हासानन्द चावला, नरेश टहिल्यानी, प्रताप ढींगरा, आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

समिति के सांस्कृतिक मंत्री जय कुमार चंचलानी ने बताया कि फैसी ड्रेस, सिंधी व्यंजन एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को समिति की तरफ से प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गए। समिति के सलाहकार मुरलीधर अलरेजा ने बताया कि फैसी ड्रेस में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर बच्चों द्वारा रुप बनाकर प्रस्तुति दी गई जिसमें भगवान श्री झूलेलाल, विष्णु अवतार, महाराजा दाहिरसेन, वीर बलिदानी अमर शहीद हेमू कालाणी, संत कँवर राम साहब, हनुमान जी, स्वामी लीलाशाह, आदि प्रमुख थे। सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता में भी विभिन्न सिंधी पारंपरिक व्यंजन जैसे कि बेसनी, सैयल फुल्का, कढ़ी चावल, दाल पकवान, मुँङ, कोकी, साई भाजी, खोराक, सतपुड़ा, आदि के रुप में प्रस्तुति दी। समिति के प्रचारमंत्री शंकर अरोड़ा ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों के तहत दिनांक 30 मार्च 2025, रविवार को प्रातः 5.00 बजे सिंधी नवयुवक सेना के नेतृत्व में दुपहिया वाहन रैली श्री झूलेलाल मंदिर, विज्ञान नगर से निकलकर नगर में विभिन्न इलाकों से होती हुई 8.30 बजे रामतलाई स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर पहुंचेगी जहाँ उनका स्वागत, नवरात्रा स्थापना, श्री झूलेलाल जी का अभिषेक, झंडारोहण, दीप प्रज्जवलन तथा रक्तदान शिविर होगा। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश दयानी ने बताया कि उसी दिन दोपहर 3.30 बजे विशाल शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर नगर के मुख्य बाजारों और मोहल्लों से होकर रात्रि 9.00 बजे श्री सत्येश्वर महादेव मंदिर (बाराद्वारी) पर पहुंचेगी जहाँ पर बहराणा ज्योति का पूज्य जलशय में विसर्जन किया जायेगा तथा भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा। समिति की तरफ से सभी समाजबन्धुओं ने आयोजन को सफल बनाने लिये अपना सहयोग और समर्थन देकर सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है। कार्यक्रम संचालन चन्द्रप्रकाश खूबचंदानी (राजा मास्टर) ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में सर्वश्री बसंत वलेचा, हरीश पंजवानी, किशन रतनानी, पूनम रतनानी, दामोदर वनवानी, पवन खूबचंदानी, अनिल भोजवानी, आदि उपस्थित रहे।

कोटा में चेटीचण्ड महोत्सव आयोजन की शुरुआत शहीद हेमू कलानी का जन्मोत्सव मनाकर की गई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। विश्व क्षय रोग दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविवार को स्वास्थ्य भवन सभागार में एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ।

इसमें प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत टीबी मुक्त हुई जिले की 53 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने का प्रमाण व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा प्रदान किए गए। इन 53 ग्राम पंचायतों में 5 ग्राम पंचायतें ऐसी थी जो लगातार दूसरे वर्ष भी टीबी मुक्त घोषित हुई। इन पंचायतों के सरपंच (प्रशासकों) को प्रमाण पत्र व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की रजत प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। जबकि केवल इस वर्ष टीबी मुक्त घोषित हुई 48 ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र के साथ महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा प्रदान की गई। जिसे एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर व डीटीओ डॉ.एसएन मीणा ने प्रदान किए।

खोया पाया
मेरे मकान संख्या 2-A-40 महावीर नगर विस्तार का मूल आवंटन पत्र कही खो गया है।
संपर्क सूत्र-रेखा चौधरी
2-A-40 महावीर नगर विस्तार
मो.नं. 7014858210